तापमान
अधिकतम 34.3°C
न्यूनतम 30.4°C

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, मंगलवार 21 जुलाई 2026

**शहर में आज**

- अंडर 23 जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच बंसीलाल स्टेडियम में सुबह नौ बजे।
- खंड स्तरीय प्रतियोगिता के मैच छोटूराम स्टेडियम में।
- नगर निगम में आयुक्त की मीटिंग।
- बिजली निगम के कर्मचारियों का प्रदर्शन।

**शहर की सरकार वेटिंग मोड में**

## इस साल बजट को छोड़ नहीं हुई सदन की कोई मीटिंग

### पार्षद बोले- हर बार मिलता है एक जवाब- साहब मीटिंग में हैं; अभी वेट करो, थम गए हैं पानी, सीवर और सड़कों के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की सरकार इन दिनों अपनी ही बैठक का इंतजार कर रही है। शहर के पार्षद नए नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन के कार्यभार संभालने के बाद से हाउस की बैठक बुलाए जाने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उनका कहना है कि महीनों से बैठक नहीं होने के कारण कई वार्डों के विकास कार्य अधर में लटके हुए हैं। गलियों के निर्माण, दूषित पेयजल की समस्या, नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने, सीवर व्यवस्था सुधारने और अन्य जनहित के प्रस्तावों पर न तो चर्चा हो पा रही है और न ही उन्हें मंजूरी मिल रही है। ऐसे में शहर की सरकार बिना बैठक के ही चल रही है, जबकि सबसे ज्यादा परेशानी आम जनता को उठानी पड़ रही है। नगर निगम के पार्षदों का कहना है कि नवंबर 2025 में हुई हाउस की बैठक के बाद अब तक केवल बजट बैठक ही आयोजित की गई है। इसके बाद किसी सामान्य हाउस मीटिंग का आयोजन नहीं हुआ। जबकि नगर निगम अधिनियम के अनुसार प्रत्येक माह हाउस की बैठक आयोजित की जानी चाहिए, ताकि जनप्रतिनिधि अपने-अपने वार्डों की समस्याएं सदन में रख सकें और अधिकारियों से उनका समाधान सुनिश्चित कराया जा सके।

- पार्षदों को इंतजार साहब कब सुनेंगे फरियाद
- लंबे समय से बैठक नहीं होने के कारण जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच संवाद भी हुआ प्रभावित

#### विकास कार्यों के लिए नए टेंडर की जरूरत

पार्षदों का कहना है कि कई वार्डों में विकास कार्यों के लिए नए टेंडर लगाए जाने हैं। कहीं गलियां टूटी हुई हैं तो कहीं पेयजल की पाइपलाइन जर्जर हो चुकी है। कई कॉलोनियों में दूषित पानी की शिकायतें लगातार मिल रही हैं, लेकिन हाउस की बैठक नहीं होने से इन प्रस्तावों को स्वीकृति नहीं मिल पा रही। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट, नालियों की मरम्मत, पार्कों के विकास और सफाई व्यवस्था से जुड़े कई मुद्दे भी लंबित पड़े हैं।

#### केवल हाउस की मीटिंग में सुनते हैं अधिकारी, वैसे नहीं देते समय

पार्षदों का कहना है कि अफसरों से व्यक्तिगत तौर पर मिलना आसान नहीं होता। कई बार समय मांगने पर भी मुलाकात नहीं हो पाती। ऐसे में हाउस की बैठक ही वह मंच है, जहां सभी अधिकारी मौजूद रहते हैं और जनप्रतिनिधियों को बात रखने व जवाब मांगने का मौका मिलता है। इसलिए बैठक जल्द बुलाना बेहद जरूरी है।

#### जानिए... पहले किसलिए आई दिक्कत

पहले निगम आयुक्त आनंद शर्मा थे। उनका तबादला करनाल उपायुक्त के पद पर हुआ तो जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता को निगम की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस उपरांत सरकार ने एडीसी नरेंद्र कुमार को निगम आयुक्त की स्थाई जिम्मेदारी दे दी। कुछ दिन बाद ही नरेंद्र कुमार से आयुक्त का कार्यभार ले लिया और सत्येंद्र दुहन को आयुक्त नियुक्त कर दिया गया। अब आयुक्त निगम के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं और जल्द मीटिंग की तैयारी में हैं।

#### नए निगमायुक्त आने के बाद जागी उम्मीद

नए नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन के पदभार ग्रहण करने के बाद पार्षदों को उम्मीद जगी है कि अब जल्द ही हाउस की बैठक आयोजित होगी और लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी। कई पार्षद अपने-अपने वार्डों से जुड़े प्रस्तावों की सूची पहले ही तैयार कर चुके हैं, ताकि बैठक होते ही उन्हें सदन के समक्ष रखा जा सके। शहर के नागरिकों का भी मानना है कि यदि नियमित रूप से हाउस की बैठकें होंगी तो विकास कार्यों की निगरानी बेहतर होगी।

#### कई परियोजनाओं के टेंडर लंबित



कई महीनों से बैठक न होने से वार्डों का विकास अटका पड़ा है। नई गलियों, पानी की लाइनों और अन्य परियोजनाओं के टेंडर लंबित हैं। अधिकारियों से व्यक्तिगत मुलाकात आसान नहीं होती। हाउस की बैठक में ही सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं। वहीं समस्याओं पर जवाब मिलता है। जनता के हित में हर माह नियमित बैठक होना जरूरी है। **-विजय गोयल,** पार्षद वार्ड 19

#### जरूरी है हाउस की बैठक



निगम में कई माह से हाउस की मीटिंग नहीं हो पाई है। कई आयुक्त स्थानांतरित हो चुके हैं। इसलिए हाउस की मीटिंग होनी चाहिए। पानी, सीवर, सड़कें, ऐसे मामले हैं, जिनमें काम की जरूरत हर समय होती है। **-अशोक खुराना,** पूर्व पार्षद

---

**खबर संक्षेप**

### पीएचडी धारकों को शिक्षण से जुड़ने का मौका आवेदन 27 तक

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में पीएचडी धारकों को शिक्षण कार्य से जुड़ने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 12 विषयों में व्याख्यान आधारित शिक्षण कार्य करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि- केमिस्ट्री, रक्षा एवं सामरिक अध्ययन, भूगोल, इतिहास, हिंदी, संगीत, फिजिक्स, मनोविज्ञान, लोक प्रशासन, सिविल इंजीनियरिंग, दृश्य कला तथा एमडीयू-सीपीएएस में विधि, इतिहास एवं समाजशास्त्र आदि 12 विषयों में मान्य पीएचडी डिग्री रखने वाले पात्र अभ्यर्थी व्याख्यान आधारित शिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि थ्योरी कक्षा लेने पर 600 रुपये प्रति घंटा और प्रैक्टिकल कक्षा के लिए 300 रुपये प्रति घंटा मानदेय दिया जाएगा। हालांकि, अधिकतम मानदेय 26,400 रुपये प्रतिमाह और 75,000 रुपये प्रति सेमेस्टर तक निर्धारित किया गया है। इच्छुक पीएचडी धारक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ अपना जीवनवृत्त और फोटो संलग्न कर स्थापना शाखा (शिक्षण), एमडीयू में आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27 जुलाई 2026 है।

- 26,400 रुपये तक मिलेगा मासिक मानदेय

### हल्की सी बारिश भारी बदइंतजामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में सोमवार को हुई कुछ देर की बारिश ने नगर निगम और संबंधित विभागों के जल निकासी प्रबंधों की वास्तविक स्थिति सामने ला दी। बारिश रुकने के बाद भी कई प्रमुख सड़कें और कॉलोनियां पानी से लबालब नजर आईं। आर्य नगर, प्रीत विहार, छोटूराम चौक, रेडियो स्टेशन, गोहाना अड्डा सहित कई स्थानों पर जलभराव होने से वाहन चालकों, राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई जगह दोपहिया वाहन पानी में फंस गए, जबकि पैदल निकलने वालों को भी पानी से होकर गुजरना पड़ा।

शहर के व्यस्त इलाकों में पानी भरने से कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। सड़क पर जमा पानी के कारण वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने पड़े, जिससे जाम जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल मानसून के दौरान यही हालात देखने को मिलते हैं, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में अब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। उन्होंने मांग की कि प्रशासन को बड़ी बरसात की सम्भावना को देखते हुए पहले ही इंतजाम कर लेने चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि कुछ मिनटों की बारिश में ही यह स्थिति बन रही है तो आने वाले दिनों में जब लगातार और तेज बारिश होगी, तब हालात और अधिक खराब हो सकते हैं। निचले इलाकों में घरों और दुकानों में पानी घुसने की आशंका भी लोगों को सता रही है। लोगों ने समय रहते नालों और सीवर लाइनों की प्रभावी सफाई कराने तथा जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

## थोड़ी सी बारिश में ये हाल, आगे होंगे बेहाल

### फिलहाल रोहतक से गुजर रही मानसून टर्फ रेखा, आज से 24 तक तेज बरसात के आसार



छोटूराम चौक



सैनी कॉलेज रोड



सिविल रोड

#### बिजली कट शुरू

बारिश के दौरान एक बार फिर बिजली व्यवस्था भी सवालों के घेरे में रही। हल्की बारिश शुरू होते ही कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। लोगों का कहना है कि मामूली बारिश या तेज हवा चलते ही बिजली निगम एहतियात के नाम पर बिजली काट देता है, जिससे घरेलू कामकाज के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं। उमस भरे मौसम में बिजली कटौती से लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। हालांकि बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत जरूर दी। पिछले कई दिनों से लगातार पड़ रही गर्मी के बीच मौसम सुहावना होने से लोगों ने राहत महसूस की। तापमान में गिरावट आने और ठंडी हवाएं चलने से मौसम खुशगवार हो गया। इसके बावजूद शहर में जलभराव और बिजली कटौती जैसी समस्याओं ने बारिश के आनंद को फीका कर दिया। अब लोगों की नजर आगामी बारिश पर टिकी है, क्योंकि यदि प्रशासन ने समय रहते जल निकासी और बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो मानसून के दौरान शहरवासियों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं।

**रोहतक खंड में केवल 4 एमएम और कलानौर में दर्ज की गई 10 एमएम बरसात, जबकि महम और लाखनमाजरा क्षेत्र रहा सूखा**



पहरावर

#### फिर सक्रिय हुआ मानसून

15 दिन बाद प्रदेश में मानसून की गतिविधियां फिर से सक्रिय होने जा रही हैं। मानसून टर्फ रेखा अब हिमालय की तलहटी से नीचे की ओर खिसक रही है और इसकी उत्तरी सीमा श्रीगंगानगर, रोहतक, हरदोई, वाराणसी, डाल्टनगंज, पुरुलिया, दीघा होते हुए उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। ऐसे में रोहतक मानसून की इस अक्षीय रेखा के प्रभाव क्षेत्र में आ गया है। कृषि मौसम विज्ञान विभाग चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अनुसार 20 जुलाई देर रात्रि के बाद राज्य में मानसून गतिविधियों में बढ़ोतरी की संभावना है। 21 से 24 जुलाई तक हरियाणा में मौसम परिवर्तनशील रहने के साथ बीच-बीच में बादल छाए रहने की संभावना है। इस दौरान प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं और गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कुछ स्थानों पर तेज बारिश होने के भी आसार हैं। जिले में सोमवार को मानसून की हल्की सक्रियता दिखाई दी। रोहतक खंड में 4 एमएम और कलानौर में 10 एमएम बारिश दर्ज की गई, जबकि महम और लाखनमाजरा क्षेत्र सूखा रहा।

#### धान की फसल के लिए जरूरी

किसानों के लिए मानसून की यह सक्रियता राहत लेकर आ सकती है। धान की फसल के लिए खेतों में पर्याप्त पानी की जरूरत होती है। बारिश होने से किसानों को सिंचाई के खर्च में कमी आएगी और ट्यूबवेल पर निर्भरता कम होगी। जिन किसानों ने धान की रोपाई कर दी है, उन्हें फसल की शुरुआती बढ़वार में फायदा मिलेगा। बारिश से बाजरा, कपास, ज्वार और चारे की फसलों को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। मिट्टी में नमी बढ़ने से पौधों की जड़ों का विकास बेहतर होगा और गर्मी के कारण फसलों पर पड़ रहा दबाव कम होगा। इसके अलावा बारिश से भूमिगत जलस्तर को भी कुछ राहत मिलने की संभावना है।

#### जानिए...मानसून टर्फ के बारे में

मानसून के दौरान बनने वाली एक लंबी निम्न दबाव वाली पट्टी होती है, जो सामान्यतः राजस्थान, हरियाणा, उत्तर भारत से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक फैली रहती है। इसके स्थान में बदलाव से बारिश की गतिविधियां प्रभावित होती हैं। जब यह हिमालय की तलहटी से दक्षिण की ओर आती है तो मैदानी क्षेत्रों में मानसून सक्रिय होकर बारिश के अवसर बढ़ा देती है।

---

## रात को घर से निकली युवती, शाम को फोन कर बोली- मैंने शादी कर ली

**रोहतक।** कलानौर थाना क्षेत्र के एक गांव से 20 वर्षीय युवती के घर से जाने और बाद में शादी करने की सूचना देने का मामला सामने आया है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में बताया गया है कि 18 जुलाई की रात तीन बजे उनकी 20 वर्षीय बेटी बिना किसी को बताए घर से चली गई। परिवार ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उसी दिन शाम को अपने भाई के मोबाइल फोन पर कॉल कर बताया कि उसने शादी कर ली है। पिता ने आशंका जताई कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी न हो जाए, इसलिए उसे जल्द तलाश कर सुरक्षित बरामद किया जाए। पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई होगी।

## राधे-राधे पार्क में मिला शव, पहचान के लिए पुलिस ने शवगृह में रखवाया

**रोहतक।** शहर के राधे-राधे पार्क में सोमवार को एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिला है। पार्क में घूमने आए लोगों ने शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पहचान के लिए पोस्टमार्टम हाउस, पीजीआई रोहतक के शवगृह में रखवा दिया गया है। मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। एफएसएल टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।



**निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप**

## दाएं कूल्हे में चोट, ऑपरेशन बाएं का बाहर धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सनसिटी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती बिजली कर्मी के ऑपरेशन को लेकर सोमवार को विवाद खड़ा हो गया। परिजनों ने आरोप लगाया कि दाएं कूल्हे में चोट के बावजूद डॉक्टरों ने बाएं का ऑपरेशन कर दिया। इससे नाराज बिजली कर्मियों ने अस्पताल के बाहर धरना शुरू कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने पूरे मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पुलिस ने जांच के लिए सीएमओ को पत्र भेज दिया है।

मरीज संदीप की पत्नी हेमलता ने बताया कि उनके पति 11 जुलाई को ड्यूटी के दौरान पोल से गिरने से दाएं कूल्हे में गंभीर चोट लगी थी। उनकी तीन पसलियां भी टूट गईं और लीवर क्षतिग्रस्त हो गया। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद कूल्हे का ऑपरेशन करने की सलाह दी। 18 जुलाई को डॉक्टरों ने दाएं कूल्हे का ऑपरेशन करने की बात कहकर संदीप को ओटी में भेजा। जब मरीज को बाहर लाया गया तो पता चला कि बाएं कूल्हे का ऑपरेशन किया गया है। हेमलता ने आरोप लगाया कि ऑपरेशन के बाद डॉक्टर अब अपनी गलती को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि डॉक्टर अब यह कह रहे हैं कि बाएं कूल्हे में मामूली फ्रैक्चर था, जबकि भर्ती से लेकर ऑपरेशन तक इस संबंध में उन्हें कभी कोई जानकारी नहीं दी गई। उनका आरोप है कि इस लापरवाही के कारण उनके पति के दोनों पैरों पर असर पड़ा है।

#### दबाव बना रहा अस्पताल

परिजनों का कहना है कि उन्होंने अस्पताल के एक्स-रे और सीटी स्कैन विभाग से जानकारी ली तो दोनों जगह दाएं कूल्हे में चोट की पुष्टि की गई। उन्होंने कहा कि जब चोट दाएं कूल्हे में थी तो ऑपरेशन बाएं कूल्हे का किस आधार पर किया गया। अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के प्रदेश संगठन मंत्री रविंद्र हुड्डा ने कहा कि अस्पताल ने संदीप के उपचार का करीब 2.15 लाख का बिल बना दिया, लेकिन जिस कूल्हे का ऑपरेशन होना था, उसकी बजाय दूसरे कूल्हे का ऑपरेशन कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन डिस्चार्ज का दबाव बना रहा है। थाना अर्बन एस्टेट प्रभारी कमलजीत ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती मरीज के गलत ऑपरेशन किए जाने की शिकायत मिली है। निष्पक्ष जांच के लिए सीएमओ को पत्र भेज दिया गया है ताकि मेडिकल बोर्ड गठित कर जांच कराई जा सके। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

**अभियान** खाद्य सुरक्षा विभाग ने बिना पंजीकरण कारोबार करने वालों को दिए नोटिस

## दिल्ली रोड की दुकानों से लिए घेवर-मावे व दही के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सावन और त्योहारी सीजन में मिठाइयों और दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग को देख खाद्य सुरक्षा विभाग ने सोमवार को मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। टीम ने दिल्ली रोड स्थित घेवर की दुकानों और आसपास के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर केसर घेवर, मावा घेवर, पनीर और दही सहित कुल चार खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद यदि किसी भी नमूने में मिलावट, गुणवत्ता में कमी या निर्धारित मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



#### इस्माइला क्षेत्र में भी की कार्रवाई

अभियान के दौरान विभाग की टीम इस्माइला क्षेत्र में भी पहुंची, जहां कई खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। यहां से पनीर और दही के नमूने एकत्र किए गए। निरीक्षण के दौरान दो दुकानदार बिना खाद्य पंजीकरण के कारोबार करते पाए गए। विभाग ने दोनों को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर खाद्य पंजीकरण कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बिना पंजीकरण खाद्य कारोबार करना नियमों का उल्लंघन है और भविष्य में ऐसा पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### गुणवत्तापूर्ण सामग्री मुहैया कराना उद्देश्य

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. योगेश कादयान ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को शुद्ध, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। इसलिए विभाग लगातार बाजारों पर नजर बनाए हुए है और नियमित रूप से सैंपलिंग अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में खाद्य पदार्थों के जल्दी खराब होने की संभावना अधिक रहती है। इसलिए दुकानदारों को स्वच्छता, उचित तापमान पर भंडारण और खाद्य सुरक्षा मानकों का विशेष रूप से पालन करना चाहिए।

#### खाद्य सुरक्षा मानकों का किया निरीक्षण

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने दिल्ली रोड पर संचालित विभिन्न दुकानों में तैयार किए जा रहे घेवर की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए। टीम ने विशेष रूप से त्योहारी सीजन में अधिक बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया।

#### रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

डॉ. कादयान ने कहा कि प्रयोगशाला की रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने वाले प्रतिष्ठानों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की कि वे केवल स्वच्छ और विश्वसनीय दुकानों से ही मिठाइयां एवं अन्य खाद्य सामग्री खरीदें। यदि किसी खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता संदिग्ध लगे या मिलावट की आशंका हो तो इसकी सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा विभाग को दें।

#### मौसम के करवट लेते ही घेवर खरीदने के लिए दौड़े लोग

मौसम ने जैसे ही करवट ली लोग घेवर खरीदने के लिए जाने लगे। दुकानदारों का कहना है कि कई दिन से बहुत गर्मी थी, उमस की वजह से लोग पहले ही परेशान थे। सोमवार को बारिश आई तो मौसम सुहाना हो गया और लोग घेवर खरीदने के लिए आने लगे।

# धरती को हरा-भरा बनाना ही सच्चा देवयज्ञ व परम पर्यावरण धर्म : सच्चिदानन्द

■ आर्य समाज सदैव यज्ञ और हवन के माध्यम से पर्यावरण शुद्धि का पक्षधर रहा
■ विकास की अंधी दौड़ में हमने अपनी प्रकृति माता का बुरी तरह से अहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा द्वारा संपूर्ण प्रांत में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली की पुनर्स्थापना के उद्देश्य से चलाए जा रहे पौधरोपण महाअभियान रूपी महायज्ञ को नई ऊर्जा मिली। स्वामी सच्चिदानन्द के आगमन के पावन अवसर पर वेद प्रचार मंडल के सदस्यों एवं वन विभाग के शीर्ष अधिकारियों ने मिलकर सेक्टर 34 में अनेक प्रकार के फलदार, छायादार और औषधीय पोधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का महती संदेश दिया। पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक शांति पाठ के साथ हुआ। इसके उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए स्वामी सच्चिदानन्द ने एक अत्यंत प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। स्वामी ने कहा कि आर्य समाज सदैव यज्ञ और हवन के माध्यम से पर्यावरण शुद्धि का पक्षधर रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आज के समय में धरती माता की कोख में एक पौधे का रोपण करना भी किसी महान अग्निहोत्र से कम नहीं है। जहां वेदी का हवन कुछ घंटों तक वायु को शुद्ध करता है, वहीं आपके द्वारा लगाया गया एक वृक्ष दशकों तक निरंतर कार्बन डाइऑक्साइड रूपी विष का पान कर हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन की आहुति देता रहता है, और वास्तव में यही सच्चा देवयज्ञ है। वेदों का उद्धरण 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' (भूमि हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं) देते हुए स्वामी ने कहा कि विकास की अंधी दौड़ में हमने अपनी प्रकृति माता का जो अहित किया है, उसका प्रायश्चित प्रकृति की ओर लौटकर ही किया जा सकता है। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित वन विभाग के सेवानिवृत्त डीएफओ कुलदीप सांगवान एवं डीओ नारा ने आर्य प्रतिनिधि सभा के इस पुनीत प्रयास की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सरकारी प्रयासों के साथ-साथ समाज की ऐसी सक्रिय भागीदारी अत्यंत अनुकरणीय है। इस वृहद महायज्ञ में वेद प्रचार मंडल के प्रधान सुभाष सांगवान के नेतृत्व में अनेक गणमान्य नागरिकों व मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वेद प्रचार मंडल के प्रधान सुभाष सांगवान ने स्वामी एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।


रोहतक। पौधरोपण करते स्वामी सच्चिदानन्द व महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

### इन्होंने किया पौधरोपण

अभियान में मुख्य रूप से धर्मराज दांगी, रणबीर सिंह, रामफल रेढू, नरेंद्र मलिक, कविता मलिक, सुनीता आर्या, धर्मपाल आर्य, रामफल मलिक, मास्टर सतीश कुंडू, ईश्वर सिंह दलाल, दलबीर सिंह राठी, खत्री, संजय सांगवान, जितेंद्र तोमर, हवा सिंह राठी, सतीश हुड्डा, गुलाब सिंह दहिया और अनिल सांगवान ने अपने हाथों से पौधे लगाए।

# बूथ की मजबूती ही भाजपा की असली ताकत : नवीन


रोहतक। कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव टिटोली में आयोजित शक्ति केंद्र प्रमुखों एवं बूथ पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक में बतौर मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने टिटोली व सिसरोली गांव के दो शक्ति केंद्रों के अंतर्गत आने वाले 10 बूथों के पदाधिकारियों की बैठक ली

नवीन ढुल ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत बूथ इकाई है। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने बूथ पर सक्रिय रहते हुए संगठन के कार्यक्रमों में अहम भागीदारी निभानी चाहिए और सर्व समाज को संगठन से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म को बूथ इकाई तक पहुंचाकर प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित एवं सशक्त बनाना है। इसलिए सभी को पूरी निष्ठा से कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान-2026 के तहत आज भी 25 बूथ पदाधिकारियों ने ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किए।बैठक में जिला सचिव एवं डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म सह-संयोजक शिवप्रमार, शक्ति केंद्र प्रमुख अमित भारद्वाज एवं अमित कुंडू सहित बूथ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## धान की फसलें होने लगी थी प्रभावित, खेतों में नमी हो रही थी कम

# बारिश से कहीं राहत, कहीं आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

सोमवार दोपहर बाद क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ली और काले बादलों के बीच कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी और बारिश के इंतजार में बैठे लोगों को इससे बड़ी राहत मिली। तेज बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। घरों से लेकर बाजारों तक लोगों के चेहरों पर राहत साफ नजर आई। बारिश का सबसे अधिक लाभ किसानों को मिला, जो पिछले करीब दस दिनों से वर्षा नहीं होने के कारण चिंतित थे। क्षेत्र में खरीफ सीजन की फसलें, विशेषकर धान, पानी की कमी से प्रभावित होने लगी थीं। सांपला और आसपास के अधिकांश गांवों में किसान धान की रोपाई कर रहे हैं। पर्याप्त बारिश नहीं होने और नहरों में पानी की आपूर्ति बाधित रहने के कारण खेतों में नमी लगातार कम हो रही थी। कई स्थानों पर जमीन में दरारें भी पड़ने लगी थीं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी।



### बारिश से धान की फसल को संजीवनी मिली

किसान राजा खत्री और कवल सिंह ने बताया कि धान की खेती पूरी तरह पानी पर निर्भर है। पिछले कई दिनों से न तो अच्छी बारिश हुई और न ही नहरों में पर्याप्त पानी छोड़ा गया। ऐसे में खेतों की सिंचाई करना मुश्किल हो रहा था। उनका कहना है कि सोमवार को हुई बारिश से धान की फसल को संजीवनी मिली है और किसानों को बड़ी राहत महसूस हुई है। यदि आने वाले दिनों में भी समय-समय पर बारिश होती रही तो खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है।

**खरखौदा रोड पर जलभराव से किया परेशानी का सामना**

### जलभराव होने से वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में हुई दिक्कतें

हालांकि बारिश ने राहत के साथ कुछ परेशानियां भी खड़ी कर दीं। कस्बे के खरखौदा मार्ग पर जलभराव होने से वाहन चालकों और राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सड़क पर पानी भरने से कई दोपहिया वाहन धीमी गति से चलते नजर आए, जबकि कुछ स्थानों पर लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। मौसम में आए इस बदलाव से किसानों को अच्छी बारिश की उम्मीद जगी है। उनका मानना है कि यदि मानसून इसी तरह सक्रिय रहा तो खरीफ फसलों की स्थिति में सुधार होगा और उत्पादन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## 24 तक बीएलओ को जमा कराएं एन्यूमरेशन फॉर्म : उपायुक्त गुप्ता

**रोहतक।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत अपना एन्यूमरेशन फॉर्म 24 जुलाई 2026 तक संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को अवश्य जमा करवाएं। उन्होंने कहा कि समय पर फॉर्म जमा कराने से मतदाता सूची में नाम सही और अद्यतन बना रहेगा। उपायुक्त ने बताया कि जिन मतदाताओं ने अभी तक एन्यूमरेशन फॉर्म जमा नहीं कराया है, वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द अपने क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म जमा करवाएं। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे फॉर्म में अपना नाम, पता और अन्य विवरण सही दर्ज करवाना सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में मतदान के अधिकार के प्रयोग में किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीसी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।



## जिला कार्यालय पहुंची प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना, पदाधिकारियों से की मुलाकात

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने पार्टी कार्यालय पहुंचकर जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की । उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता और समर्पण पर निर्भर करती है, इसलिए सभी को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाना चाहिए। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, नियमित जनसंपर्क बनाए रखने और आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने का संदेश दिया। बैठक में जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल, अमित बंसल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों और क्षेत्र में चल रहे अभियानों की जानकारी दी। बैठक में भविष्य की रणनीति, सदस्यता अभियान, संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने पर भी चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने दिवंगत डॉ आदित्य बत्रा के निवास पर जाकर परिवार को ढांढस भी बंधाया और डॉक्टर आदित्य बतरा के निधन पर शोक प्रकट किया।

# चौबीसी चबूतरे पर महापंचायत की तैयारियों को लेकर खापों ने की बैठक

**महम।** चौबीसी चबूतरे पर 25 जुलाई को प्रस्तावित महापंचायत की तैयारियों को लेकर सोमवार शाम को स्थानीय काठमंडी में कई खापों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गंद कल्चर और गन कल्चर के खिलाफ होने वाली महापंचायत की रूपरेखा तैयार की गई। पंचायतियों ने कहा कि सोशल मीडिया पर अश्लीलता और गुंडागर्दी को बढाया देने वाले कंटेंट हटाए जाने चाहिएं। बैठक में महापंचायत की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेवारी सौंपी गई। खाप के प्रधान सुभाष नंबरदार की अगुवाई में पूरा कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में रोहतक सर्वखाप पंचायत के कॉ ऑर्डिनेटर संजय देशवाल, नांदल खाप से ओमप्रकाश, दहिया खाप से जयपाल, कलकल खाप से राजपाल, हुड्डा खाप प्रवक्ता जगवंत, पूनिया खाप से कुलदीप, ढुहन खाप से सोमवीर, महम चौबीसी सर्वखाप पंचायत के प्रधान सुभाष नंबरदार, महासचिव मास्टर रामफल राठी, कृष्ण बडाली प्रवक्ता, महम तपा प्रधान महाबीर सिंह, निंदाना तपा प्रधान सूरजमल राठी, लाखन माजरा तपा प्रधान काला मुंडिया, मोखरा तपा प्रधान रामकिशन मलिक, सैमाण तपा प्रधान हुक्कम सिंह, मुंढाल तपा प्रधान दिलावर सिंह, सह प्रवक्ता संदीप नहरा, सचिव जितेंद्र दांगी, एडवोकेट विपिन बल्हारा, राजा बहलबा, राजा गोयत, राजेश बहलबा, वजीर चेयरमैन, वेदप्रकाश अहलावत चेयरमैन और सत्ते निंदाना आदि रहे।

## ज्वाइनिंग नहीं मिली तो 1 को सीएम आवास का घेराव करेंगे एलसीएलओ

**रोहतक।** हरियाणा में एलसीएलओ कर्मचारियों और सरकार के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है। पिछले दस महीनों से एलसीएलओ कर्मचारी कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सामने अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं, लेकिन उनका आरोप है कि सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने की बजाय केवल आश्वासन दे रही है। जिला प्रधान कीर्ति ने बताया कि यदि सरकार 31 जुलाई तक एलसीएलओ कर्मचारियों को सीपीएलओ पद पर ज्वाइनिंग नहीं कराती है, तो 1 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास का भारी रोष प्रदर्शन के साथ घेराव किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसके बाद भी समाधान नहीं हुआ, तो प्रदेश के करीब 4,000 एलसीएलओ कर्मचारी एवं उनके परिवार आगामी चुनाव में मतदान नहीं करेंगे तथा यूनियन चुनावी प्रक्रिया से दूरी बनाए रखेगी। राज्य कार्यकारिणी सदस्य रोहित धानिया ने बताया कि यह पूरा विवाद पदनाम परिवर्तन और वेतन न मिलने से जुड़ा हुआ है। बैठक में जिला प्रधान कीर्ति रोहतक, रोहित धानिया, दीपक देशवाल, नवीन देशवाल, नरेंद्र, रवि कुमार, प्रीतम सिंह, संदीप सापला, ईशा, लक्ष्मी, विमल आदि रहे।



## जिले में इस वर्ष धान की सीधी बिजाई का रिकॉर्ड, 44,414 एकड़ पंजीकृत

**रोहतक।** जिले में इस वर्ष धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) को किसानों का रिकॉर्ड समर्थन मिला है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के मुताबिक खरीफ 2025 में 17 हजार एकड़ का पंजीकरण किसानों ने कराया था। लेकिन इस बार किसानों ने इसे काफी पीछे छोड़ते हुए 44,414 एकड़ में पंजीकरण कराया है। यह गत वर्ष ढाई गुना से अधिक है। अब कृषि विभाग पंजीकृत रकबे का भौतिक सत्यापन करेगा। इसके बाद पात्र किसानों को सरकार की ओर से 4,500 रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जिले में पहली बार डीएसआर के लिए इतना अधिक पंजीकरण हुआ है। किसानों का बढ़ता रुझान बताता है कि वे पारंपरिक धान रोपाई के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों को भी तेजी से अपना रहे हैं। कृषि विभाग का मानना है कि मशीनों की उपलब्धता, समय की बचत, श्रम लागत में कमी और सरकारी प्रोत्साहन के कारण इस तकनीक का दायरा लगातार बढ़ रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक ने बताया कि सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए डीएसआर अपनाने वाले किसानों को 4,500 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे सत्यापन के दौरान आवश्यक सहयोग करें, ताकि प्रक्रिया पूरी होने के बाद अनुदान राशि समय पर उनके खातों में भेजी जा सके। विभाग का मानना है कि इस वर्ष हुए रिकॉर्ड पंजीकरण से जिले में आधुनिक खेती की तकनीकों को और बढ़ावा मिलेगा। अब कृषि विभाग की टीमें गांव स्तर पर पंजीकृत खेतों का सत्यापन करेंगी।

**श्रद्धांजलि** | भाली आनंदपुर में राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

**पूर्व विधायक बलराज कुंडू के पिता जिले सिंह कुंडू का निधन, नेत्रदान बना अंतिम विदाई का सबसे बड़ा संदेश**

# जिंदगी भर देश की सरहदों की रक्षा की जाते-जाते दो लोगों को दे गए रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सीमा पर देश की सुरक्षा करने वाले बीएसएफ के पूर्व डिप्टी कमांडेंट जिले सिंह कुंडू ने निधन के बाद भी मानवता की मिसाल कायम की। महम के पूर्व विधायक बलराज कुंडू के पिता जिले सिंह कुंडू का आकस्मिक निधन हो गया। परिवार ने उनकी अंतिम इच्छा और समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए उनका नेत्रदान कराया, जिससे अब दो जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी लौट सकेगी। गांव भाली आनंदपुर में पूरे राजकीय सम्मान और सामाजिक श्रद्धा के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।




### समाजसेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य

जिले सिंह कुंडू बीएसएफ में डिप्टी कमांडेंट के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद उन्होंने अपना अधिकांश समय सामाजिक कार्यों को समर्पित किया। उनके पुत्र बलराज कुंडू व्यवसाय के साथ राजनीति में सक्रिय हैं और वर्ष 2019 में महम से निर्दलीय विधायक चुने गए थे।

### नेत्रदान से दिया मानवता का संदेश

जिले सिंह कुंडू के निधन के बाद उनके परिजनों ने पीजीआई की टीम के सहयोग से उनका नेत्रदान कराया। चिकित्सकों के अनुसार उनके दोनों कॉर्निया जरूरतमंद मरीजों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे, जिससे दो लोगों को नई रोशनी मिल सकेगी।

### पिता की प्रेरणा से समाजसेवा का सफर

परिजनों के अनुसार जिले सिंह कुंडू समाजसेवा के प्रति हमेशा समर्पित रहे। उनकी प्रेरणा से ही बलराज कुंडू ने भी सामाजिक सरोकारों को अपनी प्राथमिकता बनाया। वर्तमान में बेटियों के लिए निःशुल्क बस सेवा, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र और कोचिंग सेंटर जैसे कई सामाजिक कार्य संचालित किए।

### बेटा बलराज उठा रहा जनहित के मुद्दे

बलराज कुंडू ने वर्ष 2019 में पहली बार विधानसभा चुनाव लड़कर महम से जीत दर्ज की थी। वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस प्रत्याशी से हार का सामना करना पड़ा। अब वे समाजसेवा के साथ जनहित के मुद्दे उठा रहे हैं और लोगों की सेवा में तत्पर हैं।

## न्यूज डायरी

### हर व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार अवश्य लगाना चाहिए एक पौधा : रेणू डाबला



**कलानौर।** ब्रह्मलीन डॉक्टर शरण पाल सिंह जोधका की पावन स्मृति में सोमवार को आंवल गांव में पौधरोपण किया गया, गुरु नानक पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची भाजपा की प्रदेश सचिव रेणु डाबला ने स्कूल के प्रांगण में अमरूद, जामुन, पपीता अन्य फलदार और छायादार पौधे लगाए। इस अवसर पर बोलते हुए रेणु डाबला ने कहा हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए, उन्होंने एक पेड़ मां के नाम से लगाने का भी संकल्प करवाया। इस मौके पर जिला कष्ट निवारण कमेटी के सदस्य रमेश चेची, सनी बाबा, प्राचार्य चतर सिंह राठी, संदीप बुधवार, महताब सिंह फौजी, और संतु पहलवान, रविंद्र टक्कर, विष्णु निगाना, तिलक राज चावला, मंडल महामंत्री राकेश पांचाल, अलका जुनेजा, सनी सेतिया, सुरेंद्र ,धर्म सिंह मौजूद रहे।

### मोखरा के मॉडल संस्कृति स्कूल में मनाया वन महोत्सव, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**महम।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोखरा में वन महोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के इको क्लब, एनएसएस इकाई एवं विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना था। विद्यालय प्रभारी सुरेश जांगड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सतीश दांगी ने एनएसएस स्वयंसेवकों से पौधों की देखभाल को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाने का आह्वान किया। इको क्लब के प्रभारी डॉ. प्रवीन कुमार ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान गीता देवी, डॉ. अजय कौशिक, डॉ .सुरेश सरोहा, रवि, संजीव, सुनील, उधम सिंह समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ व विद्यार्थी मौजूद थे।

### एडवांटा अस्पताल ने गांव दिमाना में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर, 125 ग्रामीणों ने उठाया लाभ



**रोहतक।** एडवांटा अस्पताल की ओर से गांव दिमाना में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर में 125 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई और एडवांटा अस्पताल के निदेशक मोहित मलिक के सौजन्य से सभी मरीजों को मुफ़्त दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में विशेषज्ञों की टीम ने शुगर, ब्लड प्रेशर, थायराइड, आंख, कान, नाक, गला सहित शरीर की अन्य बीमारियों की जांच की। शिविर का सफल संचालन अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों—डॉ. अंकुर वर्मा, डॉ. मोहित, डॉ. रमेश चंद्र, डॉ. सचिन, डॉ. अर्चना दहिया, डॉ. बबीता बर्क और डॉ. मन्नत तथा हिंदुस्तान प्रेस ट्रस्ट के स्वयंसेवकों के सहयोग से संपन्न हुआ। गांव के सरपंच नरेश कुमार ने एडवांटा अस्पताल के निदेशक मोहित मलिक व पूरी डॉक्टर टीम का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में गांव के सरपंच और असम राइफल एसोसिएशन के स्टेट अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह को 'गांव गौरव' सम्मान से सम्मानित किया गया।

### राजनीति से ही समाज के हितों की पैरवी संभव : अशोक बुवानीवाला



**रोहतक।** अग्रवाल वैश्य समाज ने अपने गठन के साथ ही वैश्य समाज की राजनीतिक भागीदारी को नया आयाम दिया है। ये बात अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने समाज की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बुवानीवाला ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज संगठित होकर अपनी राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाए, क्योंकि निर्णय लेने वाली व्यवस्था में उचित प्रतिनिधित्व मिलने से ही समाज के हितों की प्रभावी पैरवी संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि संगठन का लक्ष्य प्रत्येक जिले, विधानसभा और मंडल स्तर तक मजबूत इकाइयों का गठन करना है। इसके लिए अनुभवी लोगों के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं को भी नेतृत्व में पर्याप्त अवसर दिए जा रहे हैं। जैकी जिंदल को रोहतक विधानसभा अध्यक्ष तथा उनके साथ अर्जुन बंसल को महासचिव, तथा ईशांक गुप्ता को कोषाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इस दौरान वरूण अग्रवाल को प्रदेश के सोशल मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इस बैठक में अंकुश जैन, विकास गोयल, संगठन मंत्री प्रेमचंद गर्ग, युवा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु गोयल, युवा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मयंक गर्ग भी उपस्थित रहें।

### शिविर में 90 के नेत्र व 85 मरीजों के दांत जांचे



**रोहतक।** श्री दिगंबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक व जिनशासन प्रभावना संघ द्वारा आयोजित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर जैन जती में निशुल्क आंखों की जांच व दांतों की जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 90 मरीजों की आंखों की जांच व 85 मरीजों की दांतों की जांच की गई। शिविर में 102 मरीजों की ब्लड प्रैशर व शुगर की जांच भी की गई और सभी मरीजों को निशुल्क में दवाईयां वितरित की गई। यह सभी कार्यक्रम श्री दिगंबर जैन मंदिर सराय मौहल्ला रोहतक के संरक्षक राजेश जैन की अध्यक्षता में संपन्न हुए। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया डॉ मंजूनाथ बी.सी वरिष्ठ प्रोफेसर एवं प्रमुख, सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग, पीजीआईडीएस, एवं नेत्र जांच विशेषज्ञ डॉ. दिनेश शर्मा पूर्व मुख्य नेत्र चिकित्सा अधिकारी, संस्था के प्रधान अतुल जैन, महामंत्री अजय जैन, कोषाध्यक्ष चक्रेश जैन प्रोजेक्ट प्रजिडेंट राजीव जैन, गौतम जैन ने भगवान महावीर स्वामी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। टीम ने आंखों की जांच करके पाया जिसमें कई मरीजों की आंखें कमजोर पाई गई व कई मरीजों का आंखों में इन्फेक्शन पाया गया।

## खबर संक्षेप

### डॉ. वनिता रोज को 7 लाख की रिसर्च ग्रांट



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि (एमडीयू) के शिक्षा संकाय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. वनिता रोज को हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड के तहत 7 लाख रुपये की रिसर्च ग्रांट स्वीकृत हुई है। हरियाणा स्टेट हायर एजुकेशन काउंसिल ने उनके शोध प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए यह वित्तीय सहायता प्रदान की है। शोध का मुख्य फोकस स्कूलों में असिस्टिव टेक्नोलॉजीज की उपलब्धता, उनकी पहुंच, प्रभावी उपयोग तथा विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों के लिए स्पेशल एजुकेटर्स की भूमिका का मूल्यांकन करना होगा।

### फील्ड इन्वेस्टिगेटर के पद के लिए साक्षात्कार पांच को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि के सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) में प्रो. अमिता सुनेजा डंग की शोध परियोजना 'सीलिएक रोग के लार में सूक्ष्मजीवी संकेतक की पहचान' के लिए एक फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति की जाएगी। इस पद के लिए संबंधित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री अनिवार्य है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग अभ्यर्थियों को विवि नियमों के अनुसार पांच प्रतिशत अंकों की छूट मिलेगी। चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति अधिकतम छह माह के लिए होगी तथा उसे 20 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 31 जुलाई की शाम पांच बजे तक डाक या ई-मेल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साक्षात्कार 5 अगस्त 2026 को सुबह 11 बजे सीएमबीटी में आयोजित होगा।

### अग्निवीर सेना भर्ती रैली 22 से 27 तक होगी

**रोहतक।** भारतीय सेना अग्निपथ योजना के अंतर्गत कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए 22 से 27 जुलाई 2026 तक स्थानीय राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित करेगी। भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल अनुराग सिंह ने बताया कि रैली में रोहतक, सोनीपत, पानीपत और झज्जर के सीईई पास अभ्यर्थी अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल तथा ट्रेड्समैन श्रेणियों में भाग लेंगे। 22 जुलाई को झज्जर, 23 को झज्जर व पानीपत, 24 को रोहतक तथा 25 जुलाई को चारों जिलों के अभ्यर्थियों की प्रक्रिया होगी। 26 जुलाई को सेंट्रल व जोनल श्रेणी की स्क्रीनिंग और 27 जुलाई प्रशासनिक कार्यों के लिए आरक्षित रहेगा। सेना ने अभ्यर्थियों से समय पर मूल दस्तावेजों सहित पहुंचने और किसी भी बिचौलिए के झांसे में न आने की अपील की है।

# जिम्नास्टिक में नित्या, अविका और कविशा बनीं विजेता

*ब्लॉक स्तरीय स्कूली खेल प्रतियोगिता शुरू पहले दिन हुए कई रोचक मुकाबले*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



खंड स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता सोमवार से पूरे उत्साह के साथ शुरू हो गई। यह प्रतियोगिता 23 जुलाई तक आयोजित की जाएगी, जबकि सांपला ब्लॉक में इसका आयोजन 25 जुलाई तक चलेगा। प्रतियोगिता के पहले दिन कुश्ती, एथलेटिक्स और योगासन के मुकाबलों में विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अंडर -14 महिला वर्ग के जिम्नास्टिक आर्टिस्टिक इंवेंट में स्कॉलर रोजरी की नित्या, अंडर-17 में स्कॉलर रोजरी की अविका व अंडर-19 में जेड ग्लोबल की कविशा विजेता बनीं। कुश्ती प्रतियोगिता के अंडर-19 महिला वर्ग के 53 किलोग्राम भार वर्ग में स्वामी नित्यानंद पब्लिक स्कूल की कल्पना ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं 55 किलोग्राम में बाबा हरिदास वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीना, 57 किलोग्राम में एलकेआई स्कूल हुमायूंपुर की आरजू, 62 किलोग्राम में शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की हुनर और 68 किलोग्राम भार वर्ग में मेरीगोल्ड इंटरनेशनल स्कूल की निकिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा 59 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुनारिया की तमन्ना ने पहला स्थान पाया, जबकि एसडीजीएसएस स्कूल खिड़वाली की शीनु दूसरे स्थान पर रहीं।

### अंडर-17 वॉकिंग रेस में एनआईसी आसन की अंशिका प्रथम

एथलेटिक्स स्पर्धाओं के अंतर्गत अंडर-17 वॉकिंग रेस में एनआईसी आसन की अंशिका प्रथम व सांगवान इंटरनेशनल स्कूल की मोनिका दूसरे स्थान पर रहीं। 800 मीटर दौड़ में वैश्य पब्लिक स्कूल की गरिमा नांदल ने बाजी मारते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि जोन वेस्ले स्कूल की ज्योत्सना दूसरे स्थान पर रहीं। अंडर-14 वर्ग की 100 मीटर रेस में सैनी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की पावनी ने पहला और स्वामी नित्यानंद स्कूल की कोमल ने दूसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर दौड़ में भी सैनी कन्या विद्यालय की पावनी प्रथम रहीं, जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल सुनारिया की अवनि दूसरे स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में डीएवी पब्लिक स्कूल सुनारिया की अवनि ने पहला और तक्षिला इंटरनेशनल स्कूल की अंतिम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 600 मीटर दौड़ में तक्षिला इंटरनेशनल की अंतिम प्रथम व एनआईसी आसन की चिकी दूसरे स्थान पर रहीं। ऊंची कूद में शास्त्री नगर से स्वीटी ने पहला स्थान पाया। लंबी कूद में आरपीएस की सिद्धि प्रथम व वाशू दूसरे स्थान पर रहीं। शॉटपुट स्पर्धा में इंडस पब्लिक स्कूल की विधि ने पहला और सैनी स्कूल की गर्व ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि डिस्कस थ्रो में भी इंडस पब्लिक स्कूल की विधि ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।दूसरी ओर, रोहतक खंड स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता के तहत आयोजित योगासन स्पर्धा के सेमीफाइनल मुकाबले भी संपन्न हुए। रोमांचक मुकाबलों के बाद विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। अंडर-14 बालिका वर्ग में एचडी स्कूल की सोनाक्षी, सांगवान इंटरनेशनल की अवनी, एमडीएन की आयशा, एचडी की अलीना, एचडी की श्रुति, अगस्त्य स्कूल की सृष्टि, द आर्यन ग्लोबल की दक्षिता, जैन पब्लिक स्कूल की हिमांशी, केडीएम की हिमांशी और एमडीएन की पूर्ति ने फाइनल में प्रवेश किया। अंडर-17 बालिका वर्ग में जीजीएसएसएस हिसार रोड की शिखा, केडीएम की निशा और जीएमएसएसएस भिवानी रोड की मनीषा ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वहीं अंडर-19 बालिका वर्ग में जीजीएसएसएस हिसार रोड की प्रीति और काजल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई।



### खंड स्तरीय हैंडबाल प्रतियोगिता में समचाना स्कूल ने मारी बाजी

**सांपला।** खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता रविवार को चुलियाणा के एक निजी स्कूल में शुरू हुई । खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने खेलों का शुभारंभ किया। पहले दिन की कबड्डी की अंडर 17 में नालंदा पब्लिक स्कूल प्रथम जबकि बलियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम दूसरे स्थान पर रही। जबकि हैंडबाल अंडर 17 में सरकारी स्कूल समचाना की टीम प्रथम बलियाणा दूसरे स्थान पर रही। अंडर 19में कारोर स्कूल की टीम विजेता रही।

## अंडर-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट: अलग-अलग स्थानों पर खेले गए पांच मैच

# रोहतक ने फतेहाबाद को 104 रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) द्वारा आयोजित अंडर-23 इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट 2026-27 के अंतर्गत सोमवार को जिले के अलग अलग मैदानों पर पांच मैच खेले गए। चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम के ग्राउंड-सी पर खेले गए मुकाबले में रोहतक की टीम ने फतेहाबाद को वीजेडी नियम के तहत 104 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रोहतक की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 370 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जिसमें बल्लेबाज निधीश गौर ने 115 गेंदों पर 116 रनों की शतकीय पारी खेली। आशीष सिवाच ने 87, सर्वेश रोहिला ने 56 और निशांत सिंधु ने 41 रन बनाए।







निधीश गौर ने 116 और आशीष सिवाच ने 87 रन बनाए

### फतेहाबाद की ओर से वीरू सिंह ने 3 विकेट लिए

371 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फतेहाबाद की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई और 20 ओवरों में 5 विकेट गंवाकर केवल 113 रन ही बना सकी। बारिश के कारण वीजेडी नियम के तहत रोहतक ने 104 रनों से मैच जीता। फतेहाबाद के लिए सक्षम शर्मा ने नाबाद 50 रन बनाए। रोहतक की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए निशांत सिंधु ने 6 ओवरों में 20 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। निधीश के शतक और निशांत सिंधु के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत रोहतक ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट में अपने कदम मजबूती से आगे बढ़ाए।

### एचसीए सी ने चरखी दादरी को दी पटकनी

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड ए) में खेले गए मुकाबले में एचसीए सी ने चरखी दादरी को वीजेडी नियम के तहत 96 रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एचसीए सी ने निर्धारित 50 ओवरों में 6 विकेट खोकर 252 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से आदित्य भारद्वाज ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 111 गेंदों में नाबाद 104 रन बनाए। 253 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चरखी दादरी की टीम ने 25 की 25 ओवरों में 7 विकेट पर 103 रन ही बना लिए थे और बारिश कारण वीजेडी नियम के तहत एचसीए ने मैच जीता।

### भिवानी ने सिरसा को 49 से हराया

चौधरी बंसीलाल क्रिकेट स्टेडियम (ग्राउंड-बी) में खेले गए मुकाबले में भिवानी ने सिरसा की टीम को 49 रनों से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भिवानी की टीम ने 50 ओवरों में 4 विकेट के पर 250 रन बनाए। 251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिरसा की टीम 24.1 ओवर में 4 विकेट खोकर 80 रन ही बना सकी, खराब मौसम के कारण वीजेडी मैथड के तहत भिवानी को विजेता घोषित किया गया।

### रेवाड़ी ने गुड़गांव को 59 रनों से हराया

22 याइर्स ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में रेवाड़ी ने गुड़गांव की टीम को 59 रनों से पटकनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुड़गांव की पूरी टीम 43.1 ओवरों में 180 रनों पर सिमट गई। 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेवाड़ी की टीम ने 38 ओवरों में 4 विकेट खोकर 168 रन बना लिए थे। वीजेडी नियम के तहत रेवाड़ी को विजेता घोषित किया गया।

**महेंद्रगढ़ ने पलवल को 30 रनों से हराया:** हनुमंत क्रिकेट एकेडमी मैदान में खेले गए मैच में महेंद्रगढ़ ने पलवल को 30 रनों से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महेंद्रगढ़ की टीम ने 49.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 317 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 318 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पलवल की टीम निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट पर 287 रन ही बना सकी। महेंद्रगढ़ ने 30 रन से मैच जीता

**23 से राष्ट्रमंडल खेल**

### ग्लास्गो में दिखेगी हरियाणा की चमक, डिस्कस थ्रो में रोहतक से निधि लेंगी भाग



**रोहतक।** स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों (कॉमनवेल्थ गेम्स) में भारतीय खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बार भारतीय एथलेटिक्स दल में कुल 32 एथलीट शामिल हैं, जिनमें 22 पुरुष और 10 महिला खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। गर्व की बात यह है कि इस भारतीय दल में हरियाणा राज्य के 6 प्रमुख एथलीट अपनी चमक बिखेरेंगे। खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ (फरीदाबाद) और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि हरियाणा के एथलीटों का स्पर्धा शेड्यूल तय हो चुका है। खेलों की शुरुआत में 27 जुलाई को फतेहाबाद की पूजा हाई जंप के क्वालिफिकेशन राउंड में उतरेंगी। इसके बाद 28 जुलाई को भिवानी की सीमा कालीरमन और रोहतक की निधि रानी डिस्कस थ्रो इवेंट में, जबकि अंबाला की मनप्रीत कौर शॉट पुट क्वालिफिकेशन राउंड में अपना कौशल दिखाएंगी। 30 जुलाई को पानीपत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा जेवलिन थ्रो के क्वालिफिकेशन राउंड में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## न्यूज डायरी



### मॉडल स्कूल में विद्यार्थी परिषद का गठन केशव हेड ब्वाय और एड्रियाना हेड गर्ल बनी

**रोहतक।** आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में इस सत्र के लिए विद्यार्थी-परिषद का गठन किया गया। चुनाव में कक्षा 12वीं के केशव अत्री को 'हैड ब्वाय', एड्रियाना को 'हैड गर्ल' तथा महक हुड्डा को 'इवेंट कोऑर्डिनेटर' चुना गया। वहीं 11वीं के अरमान व राशि 'विंग मैन' और आरना बेदी, युगांश, मयंक गुलिया व इशिका 'एडजुटेंट' चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता, उपाध्यक्ष रामअवतार गुप्ता और सचिव राजेश कुमार सहगल ने निष्ठा से जिम्मेदारी निभाने का संदेश भेजा। समारोह में पीजीआई रोहतक से डॉ. शीनम हुड्डा और सीए चिराग जैन विशेष अतिथि रहे। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने विद्यार्थियों को ईमानदारी से दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई और कहा कि इससे उनमें कुशल नेतृत्व क्षमता विकसित होगी। इस मौके पर ब्लॉक इंचार्ज डॉ. सुनील भारद्वाज सहित सभी सदन प्रमुख उपस्थित रहे।



### दयावती मोदी अकादमी में ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का रंगारंग आयोजन

**रोहतक।** दयावती मोदी अकादमी, भालौत में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुईं। इस आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों से आए खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के दौरान लॉन टेनिस, कराटे और ताइक्वांडो जैसी विभिन्न खेल विधाओं के कड़े व रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने मैदान में अद्भुत खेल भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव ढाका ने विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा, हार-जीत खेल का स्वाभाविक पहलू है, लेकिन निरंतर प्रयास और स्वयं में सुधार ही सच्ची सफलता की कुंजी है। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

### महंत बालकनाथ ने रोजगारोन्मुखी शिक्षा और बेटियों की मुफ्त पढ़ाई पर दिया जोर



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर विश्वविद्यालय के डीन, विभागाध्यक्षों और शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों, शोध और बेटियों की निःशुल्क शिक्षा पर विशेष बल दिया। कुलाधिपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य योग्य, संस्कारी और आत्मनिर्भर युवाओं का निर्माण करना है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखकर व्यावहारिक ज्ञान, आधुनिक तकनीक, नवाचार और नैतिक मूल्यों से जोड़ें। इस अवसर पर कुलपति प्रो. (डॉ.) बी. एम. यादव, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार, एकेडमिक डीन डॉ. नवीन कुमार सहित सभी डीन व विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।



### वैदिक गणित भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर : डॉ. सुरेंद्र सांगवान

**रोहतक।** पं. नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा आयोजित 'वैदिक गणित' इंटर्नशिप का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान उपस्थित रहे, जिन्होंने सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने कहा कि वैदिक गणित भारतीय ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। यह विद्यार्थियों में तार्किक सोच, स्मरण शक्ति और गणनात्मक क्षमता को बढ़ाकर प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का आधार बनती है। इंटर्नशिप समन्वयक डॉ. अर्चना धनखड़ ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने व्यावहारिक तकनीकों के माध्यम से मानसिक गणना और समस्या समाधान में महारत हासिल की।



### नीट 2026 में सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के हर्षित ने 99.65 पर्सेंटाइल अंक हासिल कर नाम किया रोशन

**रोहतक।** सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने नीट-2026 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, परिजनों और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के होनहार छात्र हर्षित ने 720 में से 612 अंक (99.65 पर्सेंटाइल, ऑल इंडिया रैंक 6669) हासिल किए, वहीं छात्रा पारुल ने 584 अंक (99.18 पर्सेंटाइल, ऑल इंडिया रैंक 16139) प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। विद्यार्थियों की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जहाँ प्रबंधन समिति ने दोनों मेधावियों का स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक राजेश सांगवान ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता ही संस्थान के लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। यह परिणाम बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है।



### दसवीं और बारहवीं के होनहार किए सम्मानित

**रोहतक।** गांव कटेसरा स्थित एसडी स्कूल में सोमवार को विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह का आयोजन सतीश फौजी की ओर से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया। कार्यक्रम में गांव के प्रथम आईआईटी इंजीनियर राजेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। समारोह में गांव के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत और 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं। विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। कार्यक्रम में कई पूर्व सैनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि इंजीनियर राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनका हौसला बढ़ता है और अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता बच्चों को सुविधाएं और बेहतर परवरिश देने का कार्य करते हैं, लेकिन इन सुविधाओं का सही उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को अपना पूरा ध्यान शिक्षा पर केंद्रित करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सैनिक कैप्टन बलवान अहलावत, सूबेदार मेजर सुरेंद्र सिंह, सूबेदार सूर्यकांत हुड्डा, सूबेदार ओम प्रकाश नरवाल, हवलदार नरेंद्र सिंह, गुलाब सिंह गांव के गणमान्य व्यक्ति और पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### पीजीआईएमएस में सारकोमा एवं बोन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आज

**रोहतक।** हड्डी एवं सॉफ्ट टिश्यू सारकोमा जागरूकता माह के अवसर पर पीजीआईएमएस के अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक्स) विभाग द्वारा सारकोमा एवं बोन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मंगलवार को सुबह 11:00 बजे चौधरी रणबीर सिंह ओपीडी कॉम्प्लेक्स स्थित ऑर्थोपेडिक ओपीडी में आयोजित होगा।कार्यक्रम का उद्देश्य हड्डी एवं सॉफ्ट टिश्यू सारकोमा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना, समय पर पहचान और उपचार के महत्व को रेखांकित करना तथा मरीजों एवं उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी और सहयोग प्रदान करना है।ऑर्थोपेडिक्स विभाग ने चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, मरीजों, उनके परिजनों तथा आमजन से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। विभाग का कहना है कि जागरूकता से न केवल अंगों को बचाया जा सकता है, बल्कि जीवन भी बचाया जा सकता है।

Happy Birth Day



विराट गिरधर
को जन्मदिन पर परिवार की तरफ से शुभकामनाएं

**बेदखली सूचना**
मैं, सोमबीर पुत्र श्री मौजी राम निवासी गान्धरा तहसील सांपला जिला रोहतक हरियाणा अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र सुभाष व उसकी पत्नी रजनी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए अच्छे बुरे कार्यों व लेन देन व किसी प्रकार के कानूनी व गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## पीजी में एडमिशन शुरू, जाट कॉलेज में सबसे ज्यादा 816 सीटें

# जिले के 13 कॉलेजों में 4486 सीटों पर होंगे दाखिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) पाठ्यक्रमों में दाखिले का प्रस्तावित शेड्यूल जारी कर दिया है। अभ्यर्थी 18 जुलाई से 26 जुलाई तक ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। जिले के 13 कॉलेजों में 4486 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। जाट कॉलेज में सबसे ज्यादा सीटे हैं। जाट कॉलेज में 13 कोर्स और 816 सीटे उपलब्ध हैं। विभाग के अनुसार, आवेदन में संशोधन की सुविधा 18 से 27 जुलाई तक उपलब्ध रहेगी। 18 से 28 जुलाई के बीच संबंधित कॉलेजों द्वारा अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद 29 जुलाई को पहली प्रोविजनल मेरिट सूची और 30 जुलाई को पहली फाइनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। प्रथम चरण में चयनित अभ्यर्थियों को 31 जुलाई से 2 अगस्त तक अपनी फीस जमा करनी होगी।




### कॉलेज वाइज सीटों का ब्योरा

| कॉलेज | कोर्स | सीट |
|---|---|---|
| जाट कॉलेज | 13 | 816 |
| गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज | 5 | 280 |
| गवर्नमेंट कॉलेज जसिया | 1 | 41 |
| गवर्नमेंट कॉलेज सांपला | 3 | 126 |
| गवर्नमेंट महिला कॉलेज लाखन माजरा | 2 | 102 |
| गवर्नमेंट महिला कॉलेज रोहतक | 12 | 633 |
| गवर्नमेंट महिला कॉलेज सांपला | 3 | 170 |
| किशोरी कॉलेज | 13 | 690 |
| नेकीराम कॉलेज | 13 | 686 |
| लाल नाथ हिंदू कॉलेज | 3 | 180 |
| एजेके कॉलेज कलानौर | 3 | 170 |
| वैश्य कॉलेज | 4 | 220 |
| वैश्य महिला कॉलेज | 6 | 372 |

## तिलियार झील पर बाढ़ राहत अभ्यास, प्रशासन ने किया मॉक ड्रिल

# पानी में फंसे लोगों को निकालने और राहत पहुंचाने के लिए एनडीआरएफ और सेना ने परखी तैयारियां

■ आपदा के समय बेहतर तालमेल और त्वरित कार्रवाई के लिए अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक






मानसून के दौरान संभावित बाढ़ और जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन रोहतक ने सोमवार को तिलियार झील पर राहत एवं बचाव अभ्यास आयोजित किया। इस अभ्यास में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल), 12 आर्म्ड फोर्स और 83 आर्म्ड फोर्स भारतीय सेना की टुकड़ियों ने भाग लेकर आपदा के समय राहत कार्यों की तैयारियों को परखा। अभ्यास का आयोजन जिला प्रशासन रोहतक की ओर से किया गया। इसमें एनडीआरएफ की टीम की अगुवाई इंस्पेक्टर शंकर यादव और धर्मेंद्र ने की। वहीं 12 आर्म्ड फोर्स की टीम की ओर से सूबेदार संजय कुमार तिवारी और 83 आर्म्ड फोर्स की ओर से सूबेदार सुखाराम, हवलदार महिपाल सहित जवानों ने भाग लिया।

■ राहत अभ्यास में लोगों को सुरक्षित निकालने, बचाव कार्यों और विभागों के बीच समन्वय को परखा गया

### मानसून को देखते हुए सतर्कता

प्रशासन ने बताया कि आपदा प्रबंधन में समय पर कार्रवाई और एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है। अभ्यास के जरिए एनडीआरएफ, सेना और जिला प्रशासन की टीमों ने संयुक्त रूप से राहत कार्यों की तैयारियों को परखा। मानसून को देखते हुए प्रशासन सतर्क है

## ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश ने वीसी प्रो. मिलाप पूनिया से की मुलाकात

### एनसीसी व एमडीयू के बीच समन्वय बढ़ाने पर चर्चा

**रोहतक।** रोहतक एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के नवनियुक्त ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश ने सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया से शिष्टाचार भेंट की। पदभार संभालने के बाद यह उनकी कुलपति से पहली मुलाकात थी।बैठक में एनसीसी और विश्वविद्यालय के बीच समन्वय मजबूत करने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर चर्चा हुई। कुलपति ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, देशभक्ति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।ब्रिगेडियर राम नरेश ने कहा कि एनसीसी युवाओं को राष्ट्र सेवा और नेतृत्व के मूल्यों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्वविद्यालय के साथ बेहतर तालमेल के जरिए विद्यार्थियों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।




**रोहतक।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के नवनियुक्त ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राम नरेश को सम्मानित करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया।

## खबर संक्षेप

### फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों पर 50 फीसदी अनुदान, 3 तक आवेदन

**रोहतक।** कृषि विभाग ने वर्ष 2026-27 के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के क्रॉप रेजिड्यू मैनेजमेंट (सीआरएम) घटक के तहत फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों की खरीद पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान देने की घोषणा की है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि इच्छुक किसान 3 अगस्त तक कृषि विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने किसानों से समय रहते आवेदन करने की अपील की। व्यक्तिगत श्रेणी में एक परिवार पहचान पत्र से केवल एक किसान का चयन होगा और प्रत्येक किसान केवल एक मशीन के लिए ही आवेदन कर सकेगा।

### शाम को घर से निकला किशोर लापता, केस दर्ज

**रोहतक।** कलानौर क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर-15, कलानौर निवासी सुरेंद्र पुत्र ईश्वर सिंह ने शिकायत दी कि उनका 15 वर्षीय बेटा मोहित 17 जुलाई की शाम करीब 7 बजे घर से निकला था, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका।

### एआईकेकेएमएस ने की लाठीचार्ज की निंदा

**रोहतक।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) ने जंतर-मंतर पर युवाओं के प्रदर्शन के दौरान पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान और महासचिव शंकर घोष ने इसे जनतंत्र विरोधी कार्रवाई बताते हुए कहा कि युवाओं की आवाज दबाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को रोजगार और भविष्य से जुड़े मुद्दों पर युवाओं की मांगें सुननी चाहिए। जंतर-मंतर के रास्ते को बंद करने पर कड़ी आपत्ति जताई है।

## रामगोपाल कॉलोनी के लोगों ने किया विरोध, तकनीकी खामी का लगाया आरोप

### आश्वासन मिलने के बाद ही निर्माण शुरू करने को कहा

# सीवर लाइन का लेवल ऊंचा करने पर भड़के लोग, काम रुकवाया

■ सीवर जाम व जलभराव की आशंका जताकर विभाग से जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रामगोपाल कॉलोनी में पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा बिछाई जा रही नई सीवर लाइन को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों ने एतराज जताते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया। उनका आरोप है कि विभाग ने मुख्य गली में नई सीवर लाइन का लेवल पुरानी गलियों की सीवर लाइनों से ऊंचा कर दिया है। ऐसे में गलियों का गंदा पानी मुख्य लाइन तक नहीं पहुंच पाएगा और भविष्य में सीवर जाम व जलभराव की समस्या और गंभीर हो जाएगी। मौके पर एकत्र हुए लोगों ने विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार से कहा कि पहले उनकी गलियों में पहले से बिछी सीवर लाइनों का लेवल बढ़ाया जाए। उसके बाद ही मुख्य लाइन का निर्माण आगे बढ़ाया जाए, ताकि पूरे क्षेत्र की सीवरेज व्यवस्था सही तरीके से काम कर सके। लोगों के विरोध के बाद कुछ समय के लिए निर्माण कार्य रोक दिया गया।



**रोहतक।** पब्लिक हेल्थ द्वारा शुरू किया गया पाइप लाइन दबाने का कार्य। फोटो : हरिभूमि

### गंदा पानी मुख्य लाइन तक नहीं पहुंच सकेगा

स्थानीय निवासी बिजेंद्र दहिया ने बताया कि विभाग ने बिना तकनीकी स्थिति को समझे मुख्य गली में नई सीवर लाइन ऊंचे स्तर पर डाल दी है। इससे गलियों की पुरानी लाइनें नीचे रह गई हैं और घरों का गंदा पानी मुख्य लाइन तक नहीं पहुंच सकेगा। उनका कहना है कि यदि इसी तरह काम पूरा कर दिया गया तो लोगों को हमेशा सीवर ओवरफ्लो और गंदे पानी की समस्या झेलनी पड़ेगी। उन्होंने बताया पहले कर्मचारियों ने बताया था कि यह पानी निकासी की लाइन है। बाद में इसे सीवर बनाकर मुख्य गली के घरों से सीवर कनेक्शन भी करवा दिए।

### काम स्वीकार नहीं किया जा सकता, परेशानी बढ़ेगी

रमेश हुड्डा ने कहा कि विभाग को पहले सर्वे कर यह सुनिश्चित करना चाहिए था कि नई और पुरानी लाइनों का लेवल समान रहे। उन्होंने कहा कि लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद यदि सीवर व्यवस्था सही ढंग से काम नहीं करेगी तो इसका कोई लाभ नहीं होगा। लोगों ने चेतावनी दी कि जब तक तकनीकी खामी दूर नहीं की जाती, तब तक निर्माण कार्य नहीं होने दिया जाएगा। विनय दहिया ने कहा कि कॉलोनी के लोग विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन ऐसा काम स्वीकार नहीं किया जा सकता जिससे भविष्य में परेशानी बढ़े। उन्होंने मांग की कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर आकर स्थिति का निरीक्षण करें और तकनीकी जांच के बाद ही आगे का निर्माण कराया जाए। महावीर और जयकुंवार सहित अन्य लोगों ने बताया कि पहले उनकी गलियों में दबाई गई सीवर लाइन का लेवल ऊंचा किया जाए, तभी घरों का गंदा पानी मुख्य लाइन तक पहुंच पाएगा। यदि मुख्य लाइन पहले से ही ऊंची रहेगी तो पानी का निकास संभव नहीं होगा। फिलहाल विरोध के चलते कुछ समय के लिए निर्माण कार्य रोक दिया गया। वहीं, विभाग द्वारा उचित समाधान और संतोषजनक आश्वासन मिलने के बाद ही कार्य दोबारा शुरू होने दिया जाएगा।

## पाड़ा मोहल्ला व माता दरवाजा क्षेत्र में इन्फोर्समेंट टीम ने की छापेमारी

# 25 बिजली चोरों पर पांच लाख जुर्माना

■ कुंडी डालकर और मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करते मिले उपभोक्ता

■ निगम ने दी चेतावनी, जुर्माना जमा नहीं किया तो दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए बिजली निगम ने सोमवार को बड़ा अभियान चलाया। निगम की प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट) टीम ने पाडा मोहल्ला, माता दरवाजा और आसपास के क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। इस दौरान 25 उपभोक्ता बिजली चोरी करते पकड़े गए। सभी के खिलाफ बिजली अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए करीब पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। कई लोग अपने घरों और दुकानों के बाहर निकल आए, जबकि टीम ने एक-एक कनेक्शन की गहन जांच की। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान कई उपभोक्ता सीधे लाइन से कुंडी डालकर बिजली का इस्तेमाल करते मिले। कुछ स्थानों पर मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली की खपत कम दिखाई जा रही थी, जबकि कुछ उपभोक्ता बिना अधिकृत कनेक्शन के बिजली का उपयोग कर रहे थे। टीम ने मौके पर सभी मामलों का रिकॉर्ड तैयार किया और नियमानुसार जुर्माना लगाया। अधिकारियों ने बताया कि विशेष अभियान चलाकर बिजली चोरी पर सख्ती की जा रही है। निगम ने स्पष्ट किया कि जिन उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया गया है, यदि वे निर्धारित समय में राशि जमा नहीं कराते हैं तो उनके खिलाफ बिजली अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर उनके बिजली कनेक्शन भी काटे जाएंगे। बिजली निगम ने आम लोगों से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें।

## शीतल नगर से नशा तस्कर पकड़ा, 92 ग्राम अफीम बरामद

**रोहतक।** पुलिस की एसडीयू स्टाफ टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 92 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया। पुलिस प्रवक्ता मनीष कुमार ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक गुणपाल के नेतृत्व में एसडीयू स्टाफ की टीम रुपया चौक क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि गांव मायना निवासी एक युवक अफीम बेचने का काम करता है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शीतल नगर की गली नंबर-4 में दबिश दी। वहां संदिग्ध युवक को रोककर नियमानुसार तलाशी ली गई। पूछताछ में उसकी पहचान धर्मबीर पुत्र रामफल निवासी गांव मायना के रूप में हुई। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 92 ग्राम अफीम बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना शिवाजी कॉलोनी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह अफीम कहां से लेकर आया था और इसे किन लोगों तक पहुंचाने की योजना थी। मामले की जांच जारी है।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

## बैंक कर्मचारी बन एप डाउनलोड कराई एमडीयू कर्मी के खाते से 1.38 लाख उड़ाए

**रोहतक।** साइबर ठगों ने अलग-अलग तरीकों से दो लोगों को निशाना बनाकर कुल 2.28 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर ली। एक मामले में बैंक कर्मचारी बनकर ऐप डाउनलोड कराई गई, जबकि दूसरे मामले में स्क्रीन शेयरिंग के जरिए खाते से रकम निकाल ली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में सहायक पद पर कार्यरत सुरजीत सिंह ने शिकायत दी कि उनके पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को बैंक कर्मचारी बताते हुए एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा। ऐप डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल फोन हैक हो गया और विभिन्न क्रेडिट कार्ड से लेनदेन के लगातार संदेश आने लगे। जब तक उन्होंने मोबाइल रिसेट कर कार्ड ब्लॉक करवाए, तब तक उनके खाते से 1,38,428 रुपये निकाले जा चुके थे।

■ स्क्रीन शेयर के बहाने युवक से 90 हजार की भी ठगी

**दूसरा मामला :** सुभाष नगर निवासी नरेश ने वीजा से जुड़े एक कोरियर की जानकारी लेने के लिए इंटरनेट पर मिले मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। आरोप है कि सामने वाले व्यक्ति ने स्क्रीन शेयरिंग करवाई, जिसके बाद उसके बैंक खाते से 90 हजार रुपये निकाल लिए गए। पुलिस ने दोनों पीड़ितों की शिकायत पर साइबर ठगी के अलग-अलग मामले दर्ज कर लिए हैं। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में ऐप डाउनलोड न करें, स्क्रीन शेयर न करें और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें।

## डीएलएफ कॉलोनी में बंद मकान से चोरी का 24 घंटे में खुलासा, दो आरोपी पकड़े

**रोहतक।** पुलिस ने डीएलएफ कॉलोनी में बंद मकान से पानी की टोंटियां और एसी की वायर चोरी करने के मामले का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर आगे की कार्रवाई की गई है।



पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।डीएलएफ कॉलोनी निवासी जोगिंद्र की शिकायत पर 18 जुलाई को थाना आर्य नगर में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार जब वह अपने बंद मकान पर पहुंचे तो देखा कि मकान से पानी की टोंटियां और एसी की वायर चोरी हो चुकी थीं। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। मामले की जांच कर रहे मुख्य सिपाही विकास ने तकनीकी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए 19 जुलाई को वारदात में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुरज पुत्र सुभाष तथा रोहित पुत्र राकेश, दोनों निवासी सुनारिया कलां, के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों का पहले से भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। आरोपी रोहित के खिलाफ लूट और अवैध हथियार से संबंधित दो मामले दर्ज हैं, जबकि सुरज के खिलाफ चोरी और अवैध हथियार के दो मुकदमे थाना शिवाजी कॉलोनी में दर्ज हैं। पूछताछ कर सामान की बरामदगी और व संलिप्तता की जांच कर रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## श्रीनगर कॉलोनी समेत कई क्षेत्रों के निवासियों ने उठाई समस्या

### विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति हो सुनिश्चित

# सीवर, सड़क और फैमिली आईडी की शिकायतें लेकर पहुंचे लोग, विभाग अध्यक्ष रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन की ओर से आयोजित समाधान शिविर में सोमवार को सीवर जाम, टूटी सड़कों, फैमिली आईडी और राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें लेकर लोग पहुंचे। सीवर संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए आए लोगों को उस समय परेशानी हुई, जब संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष शिविर में मौजूद नहीं मिले। लोगों ने बताया कि वे लंबे समय से सीवर जाम और गंदे पानी की निकासी की समस्या से परेशान हैं। समाधान शिविर में पहुंचकर उन्हें उम्मीद थी कि मौके पर ही समस्या का समाधान होगा, लेकिन संबंधित विभागों के जिम्मेदार अधिकारी की अनुपस्थिति से उन्हें निराशा हुई। केवल विभागाध्यक्ष ने बल्कि दूसरे कई महकमों के वरिष्ठ अफसर भी मौके पर मौजूद नहीं थे। लोगों ने मांग की कि समाधान शिविर में उन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, जिनसे जुड़ी शिकायतें अधिक संख्या में आती हैं, ताकि लोगों को तत्काल राहत मिल सके।




### सीवर ब्लॉक से गंदे पानी की निकासी नहीं

**श्रीनगर कॉलोनी निवासी वजीर सिंह** समाधान शिविर में अपने क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़े सीवर की समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके यहां सीवर ब्लॉक होने के कारण गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि सीवर लाइन की सफाई कराकर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।



### मेरा नाम फैमिली आईडी में दर्ज नहीं

**गढ़ी मोहल्ला निवासी पूनम** ने परिवार पहचान पत्र से जुड़ी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि उनका नाम फैमिली आईडी में दर्ज नहीं है। आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज होने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि कई बार प्रयास करने के बाद भी परिवार पहचान पत्र में नाम शामिल नहीं किया गया। उन्होंने अधिकारियों से फैमिली आईडी में सुधार कराने की मांग की।



### 16 इंच की बड़ी सीवर लाइन डाली जाए

आजादगढ़, महावीर कॉलोनी और अन्य क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भी सीवर व्यवस्था को लेकर शिकायतें दीं। लोगों ने मांग की कि जहां जरूरत है वहां आठ इंच की जगह 16 इंच की बड़ी सीवर लाइन डाली जाए, ताकि जलभराव की स्थिति न बने। लोगों ने सड़क की खराब हालत का मुद्दा भी उठाया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कई क्षेत्रों में सड़कें टूटी हुई हैं और बारिश के समय स्थिति और खराब हो जाती है।

### राजस्व कर्मी पर सुविधा शुल्क लेने का आरोप

महम के बारूराम ने राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायत रखी। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि वह भाजपा में राष्ट्रीय विस्तारक के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब पांच वर्ष पहले जमीन की थोड़ी सी पैमाइश करवाने के लिए राजस्व विभाग के एक कर्मचारी को 10 हजार रुपये नकद दिए थे। उन्होंने इसे सुविधा शुल्क बताते हुए मामले की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी कार्यों के लिए आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है और ऐसे मामलों में पारदर्शिता जरूरी है।

## दो युवक देसी पिस्तौल व 15 कारतूस सहित गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस की सीआईए-2 टीम ने गश्त के दौरान कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया। सीआईए-2 प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश कादयान के निर्देशन में मुख्य सिपाही कुलदीप के नेतृत्व में टीम 19 जुलाई को आईएमटी चौक के पास गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर एशियन पेंट फैक्ट्री मोड़ के पास खड़े दो संदिग्ध युवकों को पूछताछ के लिए रोका गया। पुलिस ने दोनों की पहचान झज्जर निवासी सरवर पुत्र मुकेशचंद तथा गांव छारा (झज्जर) निवासी गौरव पुत्र धर्मबीर के रूप में की। नियमानुसार तलाशी लेने पर गौरव के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और 10 जिंदा कारतूस बरामद हुए, जबकि सरवर के पास से पांच जिंदा कारतूस मिले। बरामदगी के आधार पर थाना आईएमटी में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आरोपियों ने हथियार और कारतूस कहां से हासिल किए तथा उनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था।

■ आईएमटी क्षेत्र से दबोचे गए दोनों आरोपी